कोटद्वार, शुक्रवार
25 अप्रैल 2025
वर्ष: 47
अंक: 7 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### दून में सैन्य–अर्द्ध सैन्य बलों की वर्दी बिना पहचान पत्र के नहीं बिकेगी

देहरादून। देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दून में सेना या अर्द्ध सैन्य बलों की वर्दी बिक्री पर पुलिस ने सख्ती की है। दुकान संचालक वर्दी या वर्दी का कपड़ा बेचने से पहले खरीदने वाले के पहचान पत्र का सत्यापन करेंगे। इसका समय–समय पर पुलिस सत्यापन करेगी। कमी मिलने पर दुकान संचालक के खिलाफ देश की सुरक्षा को देखते हुए कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कुछ आतंकवादी सेना की वर्दी पहनकर आए। यही वजह रही कि शुरुआत में पर्यटक इनसे दूरी नहीं बना पाए। इसके बाद आम लोगों को वर्दी बेचे जाने पर सवाल उठा। इस घटना को देखते हुए बुधवार को एसएसपी अजय सिंह ने दून में सैन्य और अर्द्ध सैन्य बलों की वर्दी बेचने वाले दुकान संचालकों का सत्यापन कराया। जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ऐसी वर्दी बेचने वालों की दुकानों पर जाकर सत्यापन किया। थानावार ऐसी दुकानों की सूची भी तैयार की गई। इस दौरान दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए कि वर्दी या वर्दी से जुड़ा सामान बेचने से पहले वर्दी खरीदने वाले की सर्विस का पहचान पत्र चेक करेंगी। उसकी एक प्रति लेकर ही वर्दी बेची जाएगी।

### बस की टक्कर में तीन बाइक सवार घायल

विकासनगर। पछुवादून में सड़क हादसों में कमी आने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को सहसपुर थाना क्षेत्र में एक बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल पुलिस ने एक नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया। जहां से महिला और एक युवक को दून अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बस चालक दुर्घटना के बाद बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया।

पछुवादून में पिछले तीन दिन से लगातार हादसे हो रहे हैं। पिछले 23 दिन में विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई आदि क्षेत्रों में 17 हादसे हो चुके हैं। जिसमें सात से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और चालीस के करीब लोग घायल हो गए हैं। बुधवार को ही सेलाकुई में एक तेज रफ्तार कार ने 10 स्कूली बच्चों को टक्कर मारी थी। वहीं गुरुवार को सहसपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार एक प्राइवेट बस ने खुशहालपुर में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे दरमिया सिंह पुत्र बच्चन सिंह और उनकी पत्नी विनीता निवासी कामदा पोखरी,उत्तरकाशी और एक युवक सुरेंद्र सिंह पुत्र गंजी राम निवासी मोरी उत्तरकाशी मोटसाइकिल से उत्तरकाशी की तरफ जा रहे थे। खुशहालपुर के पास हरबर्टपुर की ओर से सहसपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची सहसपुर पुलिस ने घायलों को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया। जहां से सुरेंद्र सिंह और विनीता को गंभीर चोट आने पर दून अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। एसएसआई सहसपुर विकास रावत ने बताया कि बस चालक बस मौके पर खड़ा कर फरार हो गया। बस को कब्जे ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

# पहलगाम अटैक के बाद उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद



उधमपुर ,जम्मू–कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है। मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू–कश्मीर पुलिस और सेना ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। यह मुठभेड़ डूडू क्षेत्र में चल रही है, जहां दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है और सुरक्षाबलों ने आतंकियों को चारों ओर से घेर लिया है। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, कुलगाम और बारामूला में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। 23 अप्रैल को बारामूला में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई, जिसमें दो आतंकियों को मार गिराया गया। उनके पास से र्च–सीरीज राइफलें, एक चीनी पिस्टल, 10 किलो और अन्य हथियार बरामद किए गए। सुरक्षाबलों का मानना है कि ये आतंकी घाटी में किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे। लगातार मुठभेड़ों और आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू–कश्मीर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन्स चलाए जा रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### पहलगाम हमले के बाद बारामूला में अलर्ट

बारामूला , जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। बारामुला के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को 27 अप्रैल तक घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) के बारामुला कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से इस सप्ताह के लिए वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्य) करने की अनुमति दी जा रही है।

## सिंधु जल संधि पर रोक पाकिस्तान को करारा जवाब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं निर्णायक नेतृत्व में हुई सीसीएस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लिए गए ऐतिहासिक और कठोर निर्णय पर अब कार्रवाई प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में भारत सरकार ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उठाए गए ये साहसिक कदम न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति पर मुहर लगाते हैं, बल्कि इससे दुश्मनों को भी यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत हर एक आतंकी हमले का मुँहतोड़ जवाब देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर साफ कर दिया है कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। इस निर्णायक फैसले से आतंक को पनाह और बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान के मंसूबे चकनाचूर होंगे। इसी तरह अटारी बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करने सहित अन्य फैसलों से भी पाकिस्तान को कड़ा संदेश गया है।

# नशा मुक्ति केन्द्र में चम्मच से गोद कर की हत्या



देहरादून । उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मांडूवाला इलाके में 52 साल के व्यक्ति की चम्मच से गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की हत्या की गई कि वो मांडूवाला के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती था और अपना इलाज करा रहा था। मृतक का नाम अजय कुमार बताया जा रहा है। यूपी मेरठ निवासी 52 साल का अजय कुमार बीते आठ अप्रैल को ही मांडूवाला के नशा मुक्ति केंद्र भर्ती हुआ था, जहां उनका इलाज चल रहा था। दो दिन पहले अजय का नशा मुक्ति केंद्र में रहने वाले दो युवकों से विवाद हो गया था। हालांकि, तब मामला शांत हो गया था। लेकिन दोनों ने तभी अजय को मारने का प्लान बना लिया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार 24 अप्रैल को अजय अपने कमरे में सो रहा था, तभी दोनों, अजय के कमरे में गए। इसके बाद एक आरोपी ने अजय का मुंह दबाया और दूसरे ने चम्मच से अजय के गले और छाती पर कई वार किए, जिससे अजय की मौत हो गई। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रेमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवाया गया। साथ ही पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में मेरठ निवासी अजय कुमार के अलावा पंजाब के दो युवक भी भर्ती हुए थे। दो दिन पहले इनमें किसी बात को लेकर कहासुनी और गाली गलौज हो गई थी, जिसके बाद सेंटर के प्रबंधक ने बीच बचाव करा दिया था। आज भी उनका किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, तभी पंजाब के दोनों युवकों ने अजय कुमार को कमरे में बंद करके उसकी छाती और गले पर चम्मच से वार किया, जिससे अजय कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों का नाम हरमनदीप सिंह और गुरदीप सिंह है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दो दिन पहले भी उनकी अजय कुमार ने उन्हें गालियां दी थी। इसी वजह से उन्होंने अजय कुमार को मारने की योजना बनाई थी। गुरुवार को जब अजय कुमार अपने कमरे में सो रहा था, तभी दोनों उसके कमरे में घुसे और योजना के अनुसार एक ने उसका मुहं दबाया और दूसरे ने चम्मच से अजय की गले व छाती पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी नशा मुक्ति केंद्र से भागने की फिराक में थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को हिरासत में लिया।

# संस्कृत भाषा के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़े : धामी

### यज्ञ, कर्मकांड, वेद में सर्टिफिकेट कोर्स की व्यवस्था की जाएं



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** संस्कृत भाषा के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास किये जाएं। यज्ञ, कर्मकांड, वेद में सर्टिफिकेट कोर्स की व्यवस्था की जाएं। संस्कृत का अध्ययन कर रहे बच्चों को 16 संस्कार के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएं। पहले चरण में 100 बच्चों को और उसके बाद हर साल एक लक्ष्य निर्धारित कर युवाओं को 16 संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाए। संस्कृत के क्षेत्र में शिक्षण, लेखन एवं संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को प्रत्येक वर्ष सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की सामान्य समिति की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड योग, आयुष, ऋषि-मुनियों और संस्कृत की भूमि रही है। राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को राज्य में तेजी से बढ़ावा देने के लिए स्कूल और कॉलेज में संस्कृत में वाद-विवाद, निबंध लेखन, श्लोक प्रतियोगिताएं कराई जाए। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए जनपदों में नोडल अधिकारी बनाये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए की कि सभी कार्यालयों में नाम पट्टिका संस्कृत भाषा में भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए जिन राज्यों में अच्छा कार्य हुआ है, उन राज्यों की बैस्ट प्रैक्टिस का अध्ययन कर, राज्य में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कार्य किये जाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्कृत को जोड़ने के लिए और प्रभावी प्रयास किये जाएं। संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अभी राज्य के प्रत्येक जनपद के एक गांव में कुल 13 गांवों को संस्कृत ग्राम बनाया जा रहा है। इसे चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक स्तर तक विस्तारित किया जायेगा। उन्होंने राज्य में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना और पुजारियों को प्रोत्साहन योजना जैसी व्यवस्था बनाये जाने का सुझाव दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत के प्रश्न जोड़े जाने चाहिए। संस्कृत में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। राज्य में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए बैठक में आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्कृत को आम बोलचाल की भाषा बनाने के लिए 01 लाख लोगों को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से सरल संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्कृत वेदों के अध्ययन की सुविधा के लिए वेद अध्ययन केन्द्र बनाये जायेंगे। संस्कृत के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले संस्कृत विद्यालयों को पुरस्कृत किया जायेगा। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न समसामयिक विषयों पर लघु फिल्म बनाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### अब वक्त पीओके में सीधी कार्रवाई का : पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी

नई दिल्ली ,पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी ने पहलगाम हमले के बाद भारत–पाकिस्तान के बढ़ते तनाव पर कहा कि जब दो देशों के बीच आपसी संबंध बिगड़ते हैं और सुरक्षा की भावना खतरे में पड़ने लगती है, तो कठोर और निर्णायक कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाए गए हालिया कदम जैसे दूतावास बंद करने की तैयारी, वीजा रद्द करना और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम ये सभी पाकिस्तान पर गंभीर असर डालेंगे। प्रफुल्ल बख्शी ने कहा कि पाकिस्तान की आम जनता और युवा वर्ग पाकिस्तान आर्मी के साथ नहीं हैं। भारत में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की भूमिका संदिग्ध है, और यह संभव है कि इस बार वह चीन के साथ मिलकर रणनीतिक तौर पर कोई तनावपूर्ण कदम उठा रहा हो। भारत का यह जवाब बहुत सीमित है और इससे पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत को केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पीओके में उन 8–10 ठिकानों पर सीधा कब्जा करना चाहिए जहां से पाकिस्तान की सेना आतंकियों को भारत में भेजती है। बख्शी ने कहा कि "जब तक पाकिस्तान की जमीन पर कब्जा नहीं किया जाएगा, तब तक उसकी सेना को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।"

### आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रहेंगे

# बिहार से मोदी ने दुनिया को दिया संदेश



मधुबनी ,राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन से पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा। बिहार के मधुबनी से नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को संदेश दे दिया है की आतंकियों की कमर तोड़ दी जायेगी। पीएम मोदी ने कहा है की जिन भी आतंकियों ने ये हमला किया है और जिन उनके आकाओं ने जो ये हमला करवाया है उन सभी को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी ने कहा, "आज बिहार की धरती पर मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। हम उन्हें धरती के छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस संकल्प में पूरा देश एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं।"मोदी ने कहा, "22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के निर्दोष लोगों की हत्या कर दी... इस घटना के बाद पूरा देश दुखी और व्यथित है।

# पहलगाम आतंकी हमला: शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले सीएम योगी

### कहा– सरकार आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करेगी



कानपुर ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके आवास पर भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर आतंकियों को नेस्तनाबूत करेगी। सीएम योगी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। सीएम ने इस हमले को क्रूर, कायराना और विभत्स कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि देश–दुनिया में हर जगह इस घटना की निंदा हो रही है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। निदोष पर्यटकों पर हमला करके बहन–बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा जाए। इसे कोई सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। खासतौर पर भारत के अंदर यह कतई स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ जो जीरो टॉलरेंस की नीति रही है, वह प्रभावी ढंग से आतंकवाद को नेस्तनाबूत करेगी। इसके ताबूत पर अंतिम कील ठोकने की शुरुआत हो चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन क्षेत्रों का दौरा किया है। आगे की रणनीति के साथ ही आतंकवाद

### मई माह में जिले के उपभोक्ता को नहीं मिलेगा सरकारी राशन

हरिद्वार । ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन ने सरकारी गोदाम से मई में बंटने वाली खाद्य सामग्री नहीं उठाने का निर्णय लिया है। इस वजह से जिले की 604 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर मई में 4,25,633 उपभोक्ताओं को सरकारी राशन नहीं मिलेगा।

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने गुरुवार को बताया कि मई में सरकारी राशन दुकानों पर राशन का वितरण नहीं करने का निर्णय फेडरेशन ने राज्य स्तर पर लिया है। जिले के राशन डीलर राजकीय गोदामों से सरकारी राशन नहीं उठाएंगे। आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को भी पत्र लिख कर जल्द मांगे पूरी करने का आग्रह किया गया है। बताया कि कई बार आश्वासन के बाद भी डीलरों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

# अटारी–वाघा बॉर्डर बंद, आवाजाही बंद, कई परिवारों को वापस लौटाया



अटारी बॉर्डर ,भारत सरकार ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अटारी–वाघा बॉर्डर को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला लिया है। इस निर्णय के तहत पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इस बीच, भोपाल के एक परिवार को, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने पाकिस्तान जाने के लिए अटारी–वाघा बॉर्डर पहुंचा था, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने वापस लौटा दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने कई कड़े कदम उठाए हैं, जिनमें अटारी–वाघा बॉर्डर बंद करना, सिंधु जल संधि निलंबित करना और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि केवल 1 मई तक वैध वीजा के साथ आए लोग ही इस मार्ग से वापस जा सकते हैं। भोपाल के रहने वाले तीन सदस्यों वाला यह परिवार अपने रिश्तेदारों से मिलने पाकिस्तान जाने की तैयारी में था। परिवार ने बताया कि उनके पास वैध वीजा और यात्रा दस्तावेज थे, लेकिन बॉर्डर बंद होने के कारण बीएसएफ ने उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी। निराश परिवार को वापस भोपाल लौटना पड़ रहा है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, "हम अपने रिश्तेदारों से मिलने की उम्मीद लेकर गए थे, लेकिन अब हमें वापस जाना पड़ रहा है।" अटारी–वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र सड़क मार्ग है, जो सीमित व्यापार और लोगों के आवागमन के लिए खुला था। इस बॉर्डर पर हर शाम होने वाला 'बीटिंग रिट्रीटझ् समारोह दोनों देशों की सैन्य परंपरा और प्रतिद्वंद्विता का प्रतीक है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी।

# चारधाम यात्रा–2025 को सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने की व्यापक तैयारी



देहरादून । चारधाम यात्रा–2025 को सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। इसके लिए सुरक्षित, सफल एवं व्यवस्थित संचालन हेतु वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रा मार्गों, सुरक्षा एवं सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। चारों धामों में पुलिस महानिरीक्षकों का स्थलीय निरीक्षण, व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त करने के निर्देश दिए । इस दौरान यातायात नियंत्रण व सुरक्षा प्रबंधन को लेकर अहम निर्देश दिए और पुलिस बल की आवासीय व्यवस्था, भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया।

चारधाम यात्रा–2025 के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यात्रा मार्गों व धामों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के ठहराव, भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण किया जाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को अलग–अलग धामों की व्यवस्थाओं के निरीक्षण हेतु नामित किया गया है। इसी क्रम में, पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक– श्री योगेन्द्र रावत द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने ज्योतिर्मठ से लेकर बद्रीनाथ धाम तक यात्रा मार्ग, मुख्य पड़ावों, पुलिस चौकियों, और दुर्घटना संभावित स्थलों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पांडुकेश्वर स्थित महत्त्वपूर्ण रजिस्ट्रेशन चेकिंग प्वाइंट, मंदिर परिसर की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, तथा तप्त कुण्ड, गांधी घाट, नया पुल, ब्रह्मकपाल, और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा विशेषकर बाहरी राज्यों से आने वाले कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यापार संघ एवं पंडा समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर यात्रा संचालन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई एवं उनके सुझावों को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। श्री बद्रीनाथ एवं माणा क्षेत्र की पार्किंग व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, उनके आवासीय बैरकों, बिजली–पानी, शौचालय, भोजनालय आदि मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण कर खामियों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, श्री बद्रीनाथ थाना का भी निरीक्षण कर उसे शीघ्र संचालन में लाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना तथा उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा गरिमा को सुदृढ़ करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग श्री अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री मदन बिष्ट, सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक यातायात एन.एस. नपलच्याल यात्रा व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्थाओं को परखने हेतु श्री गंगोत्री धाम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने देहरादून से लेकर नगुण, उत्तरकाशी तथा हीना बायोमैट्रिक केन्द्र तक के गंगोत्री यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संपूर्ण यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गंगनानी से सोनगाड़ तक के संकरे मार्ग पर बड़े वाहनों की रोटेशन प्रणाली के तहत संचालन करने के निर्देश दिए गए, साथ ही दोनों ओर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। गंगनानी, डबरानी एवं सोनगाड़ में स्थापित सीजनल पुलिस चौकियों का निरीक्षण कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों के लिए आवश्यक सामग्री एवं सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। यात्रा मार्ग पर यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति में बनाए गए होल्डिंग स्थलों का निरीक्षण कर स्थानीय कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की गई। श्री गंगोत्री धाम पहुंचने पर, मन्दिर परिसर, पार्किंग स्थल, स्नान घाट एवं सीजनल पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित दर्शन के लिए लाइन में लगवाने, घाटों पर एसडीआरएफ /जल पुलिस की टीमें आवश्यक उपकरणों सहित तैनात करने, जेबकतरों पर नजर रखने हेतु पुलिस गश्त बढ़ाने तथा सीसी टीवी कैमरों से निगरानी बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। लाउडहेलर के माध्यम से यात्रियों का मार्गदर्शन सुनिश्चित करने तथा सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर सुव्यवस्थित रूप से पार्क कराने के निर्देश भी संबंधित कार्मिकों को दिए गए। इसके अतिरिक्त, चारधाम यात्रा ड्यूटी में नियुक्त फोर्स को समय से ब्रीफ कर रवाना करने, ड्यूटी के दौरान सभ्य व्यवहार एवं यात्रियों की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## सम्पादकीय

# चार धाम यात्रा की सुरक्षा

पहलगाम में हुए आतंकी घटना के पीछे एक बड़ा मकसद अमरनाथ यात्रा में बाधाडालना माना जा रहा है। इससे पूर्व भी अमरनाथ यात्रा हमेशा से ही फ़िरक़ापरस्त ताकतों के निशाने पर रही है और एक बार अमरनाथ यात्रियों पर फायरिंग भी की जा चुकी है। धार्मिक आयोजनों में आतंकवादियों के मंसूबों को देखते हुए उत्तराखंड की चार धाम यात्रा भी संवेदनशील श्रेणी में रखी जा सकती है। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। चारों धामों में सुरक्षा एवं दूसरी व्यवस्थाओं को लेकर उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारियों द्वारा गहन निरीक्षण किया जा रहा है जिसके तहत न केवल सुरक्षा बल्कि परिवहन से लेकर दूसरी व्यवस्थाओं के साथ–साथ संदिग्ध गतिविधियां भी राज्य पुलिस की निगरानी में रहेगी। पहलगाम में हुई आतंकी घटना ने पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहन अध्ययन एवं समीक्षा करने का कार्य सभी राज्यों को दे दिया है। यूं भी नियमित तौर पर केंद्र एवं राज्य सरकारों को सुरक्षा के मुद्दों पर कतई ढिलाई नहीं करनी चाहिए। पहलगाम में भी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर यदि सुरक्षा में कोताही नहीं बरती जाती तो आज 27 घरों के चिराग समय से पहले बुझते नहीं। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से अनदेखी नहीं की जा सकती फिर वह चाहे संवेदनशील राज्य हो या फिर शांतिपूर्ण प्रदेश। उत्तराखंड सरकार भी चार धाम यात्रा को लेकर कोई भी "लूज पॉइंट" छोड़ने की पक्षधर नहीं है और यही कारण है कि उच्च स्तर से लेकर निम्न स्तर तक यात्रा में व्यवस्थाओं को लेकर कड़ी व्यवस्थाएं की जा रही है। पहलगाम प्रकरण के बाद उत्तराखंड के साथ–साथ अन्य प्रदेशों में भी आंतरिक सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। उत्तराखंड के मामले में तो सुरक्षा संबंधी बातों को लेकर शिथिलता बरतने का प्रश्न ही नहीं होता क्योंकि धार्मिक आयोजनों को लेकर अक्सर अराजक ताकतें षड्यंत्र को अंजाम देने की फिराक में घूमती नजर आती हैं। जल्द ही उत्तराखंड में चार धाम यात्रा मार्ग और धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं से भरे हुए नजर आएंगे और इन परिस्थितियों में राज्य पुलिस के साथ–साथ इंटेलिजेंस एजेंसी की जिम्मेदारियां भी काफी बढ़ जाती हैं, जिसका समूची राज्य पुलिस को आपसे समन्वयी से पालन करना होगा। सिर्फ यात्रियों की रिकॉर्ड संख्या पर दंभ भरना ही सरकार का काम नहीं है, बल्कि सभी श्रद्धालुओं को समुचित सुरक्षा प्रदान करना भी राज्य की जिम्मेदारी है।

# भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से

**अजीत द्विवेदी**

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मुंबई में रहते हैं और इस बार तो राज्यसभा छोड़ कर मुंबई की एक सीट से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वे कॉरपोरेट के चहेते नेता हैं। इसी योग्यता की वजह से वे लंबे समय तक भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। यह पद उनको विरासत में मिला था। पहले उनके पिता वेद प्रकाश गोयल भी भाजपा के कोषाध्यक्ष थे। यानी वे पीढ़ियों से कॉरपोरेट फ्रेंडली हैं। इसके बावजूद उन्होंने ऐसी बात कही है, जो निश्चित रूप से इस देश के किसी कॉरपोरेट को पसंद नहीं आई होगी। कई लोगों ने तो खुल कर प्रतिक्रिया भी दी और बाकी लोग मन ही मन कुढ़ रहे होंगे। गोयल ने राजनीतिक जोखिम भी लिया है।

उन्होंने जब कहा कि भारत में सिर्फ फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी या बेटिंग, गेमिंग के स्टार्टअप्स बन रहे हैं, जबकि चीन में एआई और ईवी के स्टार्टअप्स बन रहे हैं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावे पर भी सवाल खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते रहे हैं कि भारत स्टार्टअप्स का कैपिटल है और दावा करते हैं कि भारत के कितने स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन गए यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाले बन गए। लेकिन उनके इस दावे के बरक्स पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप्स की हकीकत बताई है। उन्होंने बड़ा जोखिम लिया है।पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ में बोलते हुए कहा, 'भारत में स्टार्टअप्स फूड डिलीवरी, फैंसी आइसक्रीम व कुकीज, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी, बेटिंग व फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप्स और रील्स व इन्फ्लूएंसर्स इकोनॉमी बनाने में बिजी हैंइ। उन्होंने भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से करते हुए कहा कि दूसरी ओर चीन में 'ईवी व बैटरी टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, एआई रोबोटिक्स व ऑटोमेशन, ग्लोबल लॉजिस्टिक्स, ट्रेड व डीप टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े स्टार्टअप्स शुरू हो रहे हैइ। गोयल इतने पर नहीं रूके उन्होंने यह भी कहा कि वे ऐसे तीन या चार अरबपतियों को जानते हैं, जिनके बच्चों ने बहुत फैंसी आइसक्रीम और कुकीज के ब्रांड बनाए और वे सफल कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे दिक्कत नहीं है लेकिन क्या यही भारत का भविष्य है और क्या देश इससे संतुष्ट है? उनको सुनते हुए कई बार लगा कि कोई कम्युनिस्ट या सोशलिस्ट लीडर बोल रहा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत का स्टार्टअप क्या है? हम फूड डिलीवरी ऐप्स पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और बेरोजगार युवाओं को सस्ता मजदूर बना रहे हैं ताकि अमीर लोग घर से निकले बगैर अपना भोजन प्राप्त कर सकेंइ।



भारत के वाणिज्य मंत्री ने अपने इस भाषण से ऐसी दुखद सचाई को एक्सपोज किया है, जिस पर अभी तक परदा डाला जाता रहा है और ऐसी छोटी छोटी चीजों को बड़ा बना कर देश की उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाता रहा है। सवाल है कि भारत क्यों ऐसी स्थिति में है? भारत इस स्थिति में इसलिए है क्योंकि भारत के कारोबारी जोखिम नहीं ले सकते हैं। वे इनोवेशन यानी नई चीजों के रिसर्च में पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं। वे अनदेखे क्षेत्र में कदम ही नहीं रख सकते हैं। बचपन से इस देश में 'महाजनो येन गतः स पंथाइ पढ़ाया जाता है। यानी समझदार लोग जिस रास्ते पर गए हों उसी पर चलें। लीक छोड़ कर चलने की शिक्षा नहीं दी जाती है। तभी भारत के कारोबारी इंतजार करते हैं कि दुनिया के दूसरे देशों में लोग रिसर्च पर पैसे खर्च करें और नई तकनीक ईजाद करें और उत्पाद बना लें तो वे बाद में उसका इस्तेमाल कर लेंगे। यानी इनोवेटर नहीं कंज्यूमर बनने की ही सोच देश के खरबपतियों की भी है।

तभी दुनिया भर के देशों में जब फूड डिलीवरी ऐप्स बन गए, डिजिटल भुगतान के ऐप्स बन गए, कैब और फूड एग्रीगेटर के ऐप्स बन गए तो भारत के अरबपतियों ने उनकी नकल करके अपने ऐप्स बनाए और सचमुच भारत के बेरोजगार युवाओं को सस्ते मजदूर में बदल दिया। स्विगी, जोमैटो से लेकर ब्लिंकिट और बिग बास्केट तक और भारत पे से लेकर पेटीएम तक और ओला से लेकर मिंत्रा तक और जेरोधा से लेकर ग्रो तक जितने भी ऐप्स बन हैं और जिनसे भारत में नई पीढ़ी के अरबपति बने हैं उनमें से कोई भी ऐप नया इनोवेशन नहीं है और कोई भी ऐप ऐसा नहीं है, जो भारत से बाहर दुनिया के दूसरे देश में इस्तेमाल किया जा रहा हो और उससे भारत में पैसा आ रहा हो। लगभग सारे स्टार्टअप्स और सारे ऐप्स भारत के लोगों को छोटी छोटी सुविधाएं देने के लिए ही हैं। उनसे भारत को बड़ी इकोनॉमी बनाने या भारत की बुनियादी व चिरंतन समस्याओं के समाधान का रास्ता नहीं बनता है।

पीयूष गोयल ने सिर्फ चीन से तुलना की अगर अमेरिका और यूरोप के देशों से तुलना की जाए तो भारत के स्टार्टअप्स और भी थके हुए और समय से पीछे के दिखाई देंगे। कोई भी नया इनोवेशन नहीं है। कोई भी तकनीक ऐसी नहीं है, जिसे पेटेंट कराया जाए तो दुनिया वाह कहे और उसका इस्तेमाल करने के लिए लाखों, करोड़ों डॉलर खर्च करे। भारत के खरबपति सरकारी नियम, कानूनों और देश की संपदा का इस्तेमाल करके अपनी संपत्ति बढ़ाते हैं। उनको नया कुछ भी करने की जरुरत नहीं है। इसी तरह भारत के जो स्टार्टअप्स हैं उन्हें शुरू करने वालों के पास भी कोई नया आइडिया नहीं है। वे दुनिया में आजमा लिए गए आइडिया पर ही काम करते हैं। सैम ऑल्टमैन और इलॉन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम किया और ओपन एआई की स्थापना की, जिससे पूरी दुनिया में एआई की क्रांति आई है। गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, एक्स से लेकर आयोस, एंड्रॉयड तक सारी प्रौद्योगिकी का आविष्कार दूसरे लोगों ने किया। भारत के खरबपति और स्टार्टअप्स शुरू करने वाले युवा ऐसी ही तकनीकों का इस्तेमाल करके कमाई कर रहे हैं।

ऐसा नहीं हुआ कि अमेरिका में ओपन एआई के तहत चैटजीपीटी बना तो भारत में किसी ने जेनेरेटिव एआई टूल्स बनाने में निवेश किया और कुछ नया बना लिया लेकिन चीन के एक उद्यमी ने डीपसीक बना लिया। अब भारत या तो चैटजीपीटी का इस्तेमाल करेगा या डीपसीक का करेगा। इस मामले में अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से बेहतर नहीं है भारत की स्थिति। उधर चीन में बैटरी तकनीक पर इतना काम हुआ है कि उसकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बीवाईडी और ली ऑटो ने अमेरिका की टेस्ला और जर्मनी के फॉक्सवैगन की नींद उड़ा रखी है।

इधर भारत में ओला ने ईवी स्कूटर बनाया तो हजारों, लाखों ग्राहक रोज शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं और कंपनी उनकी शिकायतें दूर करने में सक्षम नहीं है। भारत में डीप टेक यानी बड़े तकनीकी आविष्कार की सोच और क्षमता नहीं है। स्टार्टअप्स करने वाले युवाओं के पास भी कोई आइडिया या तकनीकी जानकारी नहीं है। चीन में डीप टेक के काम में लगी छह हजार कंपनियों ने एक सौ अरब डॉलर का वेंचर कैपिटल जुटाया है। ये कंपनियां एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के काम में लगी हैं। ये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, क्लीन एनर्जी और एडवांस्ड मैटेरियल के फील्ड में रिसर्च कर रही हैं। भारत में शायद ही इस तरह के फील्ड में कोई स्टार्टअप कंपनी काम कर रही है।

सरकार भी ऐसे फील्ड में रिसर्च में ज्यादा पैसा खर्च नहीं करती है। सो, पीयूष गोयल ने जो सवाल उठाए हैं उनका जवाब भारत सरकार को भी देना चाहिए। भारत में अगर तकनीक के क्षेत्र में कुछ निवेश और स्टार्टअप्स हैं भी तो सिर्फ 'सॉफ्टवेयर एज अ सर्विस सेक्टरइ यानी कॉल सेंटर या आईटी आधारित सेवाओं में है। यह भी कुलीगीरी का ही काम है। यह सही है कि चीन में भी बहुत सी कंपनियों ने पहले घरेलू उपभोक्ताओं का ध्यान रख कर उनकी जरूरतों को पूरा करने वाला ऐप बनाया लेकिन यह बहुत पहले की बात है। भारत में जो आज हो रहा वह कई बरस पहले चीन में हो चुका है। भारत पे बनाने वाले अशनीर ग्रोवर ने कहा कि चीन में भी पहले फूड डिलीवरी ऐप बने और तब डीप टेक के ऐप्स बने। लेकिन क्या भारत में ऐसा हो सकता है कि जो फूड डिलीवरी ऐप बना रहे हैं वे डीप टेक में रिसर्च करेंगे? जेप्टो के आदित पलिचा या भारत के अशनीर ग्रोवर या शादी डॉटकॉम के अनुपम मित्तल बेवजह आहत हुए हैं। ये लोग कुछ नहीं कर रहे हैं और न कर सकते हैं। इन लोगों ने दुनिया के विकसित देशों की तकनीक की नकल करके जो कुछ भी बनाया है उसमें भी कंपीटिशन नहीं झेल सकते हैं। कोई बाहरी खिलाड़ी आ जाए तो उसको अपना सब कुछ बेच कर निकल लेंगे।

# सुधरने को तैयार नहीं है पाकिस्तान

**वसी जैदी**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने एक बार फिर मोहम्मद अली जिन्ना की टू नेशन थ्योरी का रट्टा लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के बच्चे–बच्चे को पता होना चाहिए कि मुसलमान हिन्दुओं से बिल्कुल अलग हैं, न हमारे ज़ेहन मिलते हैं, न रवायतें, न ख्यालात, इसीलिए मजहब के आधार पर पाकिस्तान बना। वैसे जनरल आसिम मुनीर मुल्ला जनरल के नाम से मशहूर हैं और उन्होंने इस्लामाबाद में जो तकरीर की उसने इस टाइटल को सच साबित कर दिया। हैरानी की बात ये है कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने ये बातें मौलानाओं के जलसे में नहीं कही, इस्लामाबाद में ओवरसीज़ पाकिस्तानी कन्वेंशन हुआ, तकरीर सुनने वालों में पाकिस्तान के वजीरे आजम शहबाज शरीफ और उनके मंत्रिमंडल के तमाम वज़ीर थे। दरअसल, प्रोग्राम पाकिस्तान में इन्वेस्टमेंट लाने के मकसद से हुआ था, लेकिन जनरल आसिम मुनीर इस जलसे में मौलाना बन गए। जनरल मुनीर ने कहा कि आज के दौर में पाकिस्तान दुनिया का पहला ऐसा मुल्क है, जिसकी बुनियाद इस्लाम का पहला फर्ज यानी कलमा है, पाकिस्तान बनने से पहले केवल पै$गंबर साहब ने कलमे की बुनियाद पर रियासत ए मदीना बनाई थी। मुल्ला जनरल ने हिंदुओं के ख़िला$फ ज़हर उगला। जाहिर है जनरल ने अपनी $कौम को याद दिलाया कि पाकिस्तान को टू–नेशन थ्योरी के आधार पर बनाया गया था। जनरल साहब आप बताएं यदि जिन्ना की टू नेशन थ्योरी मज़हब के आधार पर थी, तो फिर बांग्लादेश का विभाजन भाषा के आधार पर क्यों हुआ ? इस्लामी देश सालों से आपस में ही क्यों लड़ रहे हैं ? इस्लाम की कथित क्रांति से प्रभावित कट्टर मजहबी मूल्क ईरान बार बार सऊदी अरब पर हमला क्यों करता है ? क्यों अफगानिस्तान का तालिबान पाकिस्तान की आर्मी को हैरान किए हुए हैं ? जाहिर है जनरल साहब की यह बकवास पाकिस्तान में ही चल सकती है। पाकिस्तानी जनरल ने कहा कि कश्मीर हमारी दुखती रग और हम कश्मीर के आतंकवादियों को पूरी मदद देंगे। जाहिर है भारत ने $फौरन मुंह तोड जवाब दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कश्मीर में पाकिस्तान का सि$र्फ एक ही रोल है, वो पाक अधिकृत कश्मीर पर अपना अवैध कब्ज़ा ख़ाली कर दे। दरअसल,

तीन साल पहले जनरल मुनीर आर्मी चीफ बनें, उनका कार्यकाल इसी साल ख़त्म होने वाला है। हालांकि, इस बात की पक्की संभावना है कि शहबाज़ शरी$फ की सरकार उन्हें एक्सटेंशन दे देगी। इसका संकेत शहबाज़ शरी$फ ने उसी कन्वेंशन में दिया, शहबाज़ शरी$फ ने कहा कि जनरल मुनीर बहुत अच्छे कमांडर हैं, उनकी अगुवाई में पाकिस्तान पूरी तरह मह$फूज़ है। बहरहाल भारतीय विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने बार–बार विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत और पाकिस्तान के बीच बुनियादी फर्क बताया है कि दुनिया बदल गई, भारत बदल गया, लेकिन, पाकिस्तान नहीं सुधरा, उसकी हरकतें जस–की–तस हैं, इसीलिए उसका ये हाल है। जयशंकर की ये बात बिलकुल सही है कि सारी दुनिया बदल गई, पर पाकिस्तान वहीं का वहीं खड़ा है, अपनी पुरानी बातों पर अड़ा है। मुल्ला जनरल ने अपनी तकरीर से इस बात का सबूत भी दे दिया। दरअसल पाकिस्तानी फौज का वजूद भारत के खिलाफ ज़हर उगलने से शुरू होता है और कश्मीर का मसला जिदा रखने पर खत्म होता है।

पाकिस्तानी फौज का काम दहशतगर्दों को पनाह देने से शुरू होता है और आर्मी के बड़े बड़े जनरल को ज़मीन जायदाद देने पर खत्म होता है। इसी वजह से आज पाकिस्तान अंधकार में है, कर्ज में डूबा हुआ है, वहां के लोग भुखमरी के शिकार हैं, पूरी दुनिया में पाकिस्तान अलग–थलग पड़ गया है। अब कोई उसे कर्ज देने को भी तैयार नहीं है, लेकिन पाकिस्तान सुधरने को तैयार नहीं है। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया।

# ममता का केंद्र से टकराव, बंगाल में बुरी तरह चरमराई कानून–व्यवस्था


**सुनीता बनर्जी**

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की यह घोषणा असंवैधानिक है कि वह केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक को अपने राज्य में लागू नहीं करेंगी। इसके अलावा वह मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में भयानक दंगा रोकने में भी विफल रही हैं। स्थिति इतनी खराब है कि बड़ी तादाद में हिंदू घबराकर पड़ोस के मालदा जिले में पलायन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की जा रही है। बंगाल सरकार ने मुर्शिदाबाद में हालात पर काबू पाने के लिए कुछ भी नहीं किया। दंगाई लूटपाट, आगजनी करते रहे और पुलिस मूक दर्शक बनी रही। ऐसा माना जाता है कि वक्फ कानून के प्रति ममता बनर्जी के विरोध की वजह से दंगाइयों को बढ़ावा मिला। किसी भी राज्य सरकार को अधिकार नहीं है कि वह केंद्रीय कानून को अपने यहां लागू करने से रोके। इसके पहले भी ममता केंद्र के साथ असहयोग व टकराव का रवैया अपनाती रही हैं। वक्फ कानून को संसद ने विधिवत पारित किया है जिसका सभी राज्यों को पालन करना होगा। कुछ अन्य विपक्ष शासित राज्य भी ममता के समान रुख अपना सकते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय भी दंगाइयों ने ऐसे लोगों पर हमला किया था जिन पर टीएमसी के खिलाफ वोट देने का शक था। तब भी बंगाल से बहुत से लोग पड़ोसी राज्यों में भागने को मजबूर हुए थे। उस समय बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल (अब उपराष्ट्रपति) जगदीप धनखड़ ने ममता सरकार के खिलाफ कड़े कदम उठाने की सिफारिश की थी। इस समय भी राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने केंद्र को दंगों के बारे में विस्तृत जानकारी भेजकर सख्त कदम उठाने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार इस मामले में सावधानी बरत रही है। यद्यपि बंगाल बीजेपी ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय को लगता है कि अगर ऐसा किया गया तो ममता और उनकी पार्टी इसका राजनीतिक लाभ उठाएंगे और आरोप लगाएंगे कि केंद्र ने जानबूझकर यह कदम उठाया ताकि वह राज्य में सत्ता हासिल कर पाए।

# कार्तिक आर्यन की नागजिला की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

भूल भुलैया 3 में रूह बाबा बनकर कार्तिक आर्यन ने दर्शकों का दिल जीतने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. अब कार्तिक दर्शकों के लिए बड़ा सरप्राइज लेकर आए हैं. रूह बाबा के बाद अब कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग बनने के लिए तैयार हैं.उन्होंने करण जौहर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म नागजिला का एलान कर दिया है.






कार्तिक आर्यन अपकमिंग फिल्म में इच्छाधारी नाग का किरदार निभाने जा रहे हैं. एक्टर ने अपने सोशल मिडिया पर एक मोशन वीडियो शेयर किया जिसमें वे कह रहे हैं, इच्छाधारी नाग, रूप बदलने की शक्ति रखने वाले सांप, जैसे की मैं, प्रियम्वदेश्वर प्यारे चंद, उम्र 631 साल, इसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देखीं होंगी, अब देखो नागों वाली पिक्चर, फन फैलाने आ रहा हूं नाग पंचमी पर, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में. अनांसमेंट वीडियो के साथ कार्तिक ने कैप्शन लिखा, इंसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देख लीं, अब देखो नागों वाली पिक्चर. नागजिला– नाग लोक का पहला कांड.. फन फैलाने आ रहा हूं मैं प्यारे चंद नाग पंचमी पर, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 14 अगस्त 2026 को. कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को करण जौहर, महावीर जैन, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, मृगदीप सिंह लांबा और सुजीत जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं.

## आंकड़े झूठ नहीं बोलते: क्लासेन का तोड़ पथिराना के पास

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में 43वां मुकाबाल चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। सनराइजर्स की टीम ने आज तक सीएसके के घरेलू मैदान चेपॉक पर कोई मैच नहीं जीता है। सिर्फ यही नहीं, सीएसके के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी काफी खराब रहा है। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच कुल 21 मुकाबले खेले गए हैं, जहां 15 जीत सीएसके की झोली में गए हैं और सिर्फ छह मैच एसआरएच की तरफ गए हैं। हालांकि, यह सीजन ऐसा रहा है, जहां आरसीबी ने 17 सालों के बाद चेन्नई को उसी के घर पर हराया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने 15 सालों के बाद सीएसके को घर पर मात दी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी ऐसा कारनामा कर पाएगी?

# कोहली ने टी20 में किया बड़ा कारनामा



नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने गुरुवार को इतिहास रच दिया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 का 42वां मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में विराट कोहली ने 14 रन बनाते ही एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3500 रन पूरे किए। वह एक वेन्यू पर 3500 टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

**रहीम दूसरे नंबर पर**

टी20 में एक मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम हैं। उन्होंने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 3373 रन बनाए हैं। तीसरे पर जेम्स विंस हैं, जिन्होंने द रोज बाउल, साउथेम्प्टन में 3253 रन बनाए। सूची में चौथे पर एलेक्स हेल्स हैं। हेल्स ने ट्रेंट ब्रिज, नॉटिंघम में टी20 में 3241 रन बनाए हैं। फेहरिस्त में 5वें पायदान पर बांग्लादेश के तमीम इकबाल हैं। उन्होंने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 3238 रन बनाए हैं।

**टी–20 में एक मैदान पर सर्वाधिक रन**

विराट कोहलीः 3500* (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम)
मुश्फिकुर रहीमः 3373 (शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम)
जेम्स विंसः 3253 (द रोज बाउल, साउथेम्प्टन)
एलेक्स हेल्सः 3241 (ट्रेंट ब्रिज, नॉटिंघम)
तमीम इकबालः 3238 (शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम)

टी20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर

62 – विराट कोहली*
61 – बाबर आजम
57 – क्रिस गेल
55 – डेविड वार्नर
52 – जोस बटलर

# गोपीचंद की एक्शन थ्रिलर बनी सनी देओल की दूसरी 100 करोड़ी फिल्म



सनी देओल और रणदीप हुड्डा की मुख्य भूमिका वाली जाट ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दी है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं और इन 12 दिनों में इसने कई रिकॉड्र्स तोड़े हैं. सनी देओल की इस रिकॉर्ड तोड़ फिल्म ने अब 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. जाट साउथ डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है. साथ ही सनी देओल और रणदीप हुड्डा की पहली जोड़ी भी है. सनी देओल, रणदीप हुड्डा और गोपीचंद मालिनेनी की तिकड़ी ने अपने फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है. इस तिकड़ी की एक्शन थ्रिलर जाट ने इन 12 दिनों में दुनियाभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. जाट ने पहले दिन लगभग 9.5 करोड़ रुपये की कमाई करके शानदार शुरुआत की.

## वीरा धीरा सूरन पार्ट 2 की ओटीटी रिलीज डेट तय

साउथ अभिनेता विक्रम की फिल्म वीरा धीरा सूरन पार्ट 2 अब सिनेमाघरों में रिलीज के बाद ओटीटी रिलीज की तैयारी में है। इस जानकारी से विक्रम के फैंस बेहद उत्साहित हैं कि कब वह अपनी पूरी फैमिली के साथ ओटीटी पर अपने पसंदीदा अभिनेता की फिल्म देख सकेंगे।

फिल्म को एसयू अरुण कुमार ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक ग्रामीण एक्शन ड्रामा है, जिसमें विक्रम के साथ दुशारा विजयन, सूरज वेंजरामूडू, एसजे सूर्या अहम भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और छायांकन थेनी ईश्वर ने किया है। इसे एचआर पिक्चर्स ने बनाया है।

# आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एक और झटका

नई दिल्ली। पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों ने जान गंवा दी थी। इसके बाद बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है।

**फैनकोड नहीं करेगा प्रसारण**

दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय आज, 24 अप्रैल से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीगका ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बार फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।



**10वां सीजन खेला जा रहा**

पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले बुधवार शाम को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच कढछ 2025 के मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी थी। इतना ही नहीं मैच शुरू होने से पहले दोनों ही टीम के प्लेयर और सपोर्ट स्टाफ ने 1 मिनट का मौन धारण किया था।

## एक नजर

### पत्नी की तहरीर पर पति पर मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : तहसील पौड़ी के राजस्व क्षेत्र कफोलस्यूं-एक के नौडियाल गांव की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। राजस्व पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजस्व पुलिस ने दोनों मामलों की जांच रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित किए जाने के लिए डीएम पौड़ी को पत्र भेजा है। वहीं डीएम डा. आशीष चौहान ने दोनों मामलों की जांच रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित किए जाने का आदेश जारी कर पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए हैं। राजस्व क्षेत्र कफोलस्यूं-एक के नौडियाल गांव की एक महिला ने राजस्व पुलिस को तहरीर में कहा है कि बीते 17 अप्रैल को वह अपने पति के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए अगरोड़ा गए थे। जहां से वापस लौटते समय पति ने पैदल रास्ते में किसी बात पर बहस होने पर गाली-गलौज करने के साथ ही लात-घूसों के साथ मारपीट शुरू की। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए सिर पर जानलेवा हमला भी किया। राजस्व उपनिरीक्षक कफोलस्यूं-एक गौरव लिंगवाल ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति पर पत्नी से मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री पासवान आज श्रीनगर में

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान शुक्रवार को श्रीनगर के अदिति स्मृति न्यास में संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। भाजपा पौड़ी के जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में इस सप्ताह को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर्व के रूप में मना रही है। कहा कि इसी क्रम में शुक्रवार को श्रीनगर के आदिति पैलेस में भी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं जिला प्रभारी ऋषि कंडवाल भी मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

### छात्रों को नवीन विचार विकसित करने के लिए प्रेरित किया

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्व रचनात्मकता व नवाचार दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का गुरुवार को आयोजन किया। इस अवसर पर आई.आई.सी. के अध्यक्ष डॉ. राम साहू ने प्रतियोगिता का अवलोकन प्रस्तुत कर आईआईसी के वीजन और मिशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को उत्पादों में नया मूल्य जोड़ने के लिए रचनात्मक और नवीन विचार विकसित करने के लिए प्रेरित किया। चौरास परिसर निदेशक प्रो आर एस नेगी ने रचनात्मकता और नवाचार के बीच के अंतर को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इस दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस, केमिस्ट्री और फार्मेसी सहित विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लेते हुए रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से अपनी अनोखी सोच प्रस्तुत की। इस मौके पर डॉ. विनीत मौर्य, श्वेता राय, सहेज मल्होत्रा, भानु सिरोही, वन्दना भारती, सूरज कुमार, प्रीत आनंद, रितिक बोघल मौजूद रहे। (एजेंसी)

### केवर में धूमधाम से मनाया पंचायती राज दिवस

चमोली : नारायणबगड़ विकास खंड के ग्राम पंचायत केवर कौलुसैंण में गुरुवार को पंचायती राज दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को अनेक जानकारियां दी गईं। गुरुवार को नारायणबगड़ विकास खंड के ग्राम सभा केवर के कौलुसैण में पंचायती राज दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी निशा रावत ने द्वारा अनेक प्रकार की जानकारियां ग्रामीणों को दी गई एवं यूसीसी पंजीकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने द्वारा सार्जनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहा कोटद्वार बाजार



हलगाम में आतंकी हमले के विरोध में बंद बाजार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को कोटद्वार बाजार बंद रहा। व्यापारियों व विभिन्न संगठनों ने आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश रैली निकालते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया। कहा कि सरकार को पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए।

गुरुवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की कोटद्वार इकाई के आह्वान पर सुबह से ही कोटद्वार बाजार बंद था। करीब 11 बजे तक व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा। इस दौरान करीब दस बजे तमाम व्यापारी हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्र हुए व हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही पाकिस्तान का पुतला लेकर व्यापारी झंडाचौक में पहुंचे और पुतले को आग के हवाले कर दिया। घटना के विरोध में मेडिकल एसोसिएशन ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखे थे। व्यापारियों ने कहा कि आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। देश की सुरक्षा में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पूरा देश पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के परिवार के साथ खड़ा है। इस मौके पर व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष प्रवीण भाटिया, महामंत्री विक्की गोयल, विवेक अग्रवाल, राजदीप माहेश्वरी, अजय गुप्ता, अंकित सिंघानिया, सेवकराम मानुजा सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे। वहीं, पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में दुगड्डा बाजार भी सुबह 11 बजे तक बंद रहा। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली भी निकाली। कहा कि देश में किसी भी तरह का आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को पर्यटकों की मौत का बदला लेना चाहिए। व्यापार संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश डबराल, नितेश ठाकुर, दिव्यांशु अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विपिन बंदूनी, अशोक गोयल, वीरेंद्र सिंह नेगी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को बार एसोसिएशन की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। श्रद्धांजलि देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार पंत, रश्मि चंदोला जोशी, प्रवेश रावत, इंद्रेश भाटिया, भीमराज बिष्ट, पंकज भट्ट, अविरल पंत, शोभा बहुगुणा भंडारी, सुनील डोबरियाल, सूरज बिष्ट, ललित पटवाल, मुकेश थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# वन रैंक-वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की क्षेत्र के एक होटल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें वन रैंक-वन पेंशन की विसंगतियों को दूर न किए जाने पर आक्रोश जताया। कहा कि वन रैंक-वन पेंशन की विसंगति को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

पूर्व सैनिकों ने पहलगाम हमले में मारे गए निहत्थे नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पहलगाम हमले में मारे गए निहत्थे नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात वन रैंक-वन पेंशन के मामले में विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वन रैंक-वन पेंशन को लेकर 25 अप्रैल को उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। कहा कि वन रैंक-वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करना जरूरी है। कहा कि वेतन विसंगति के मामले को ज्यादा दिन लटकाया जाना पूर्व सैनिकों के हित में नहीं है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, देवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, शूरवीर खेतवाल, सुभाष कुकरेती, चंदन सिंह, ठाकुर सिंह, अनुसुया प्रसाद सेमवाल, जीत सिंह, नंदन सिंह, ओम प्रकाश, बलवीर सिंह मौजूद रहे।

### नगर निगम परिसर में खोला जाएं पुस्तकालय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बीएड प्रशिक्षित महासंघ ने नगर निगम परिसर में पुस्तकालय खोलने व न्यूनतम दरों में वाई-फाई लगवाने की मांग की है।

महासंघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन दिया। बताया कि कोटद्वार शहर में सैकड़ों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। लेकिन, इनकी सुविधा के लिए कहीं भी पुस्तकालय नहीं है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि नगर निगम परिसर में एक सार्वजनिक पुस्तकालय का निर्माण करवाया जाना चाहिए। साथ ही इसमें वाईफाई की भी सुविधा मिलनी चाहिए।

# भाजपा और कांग्रेस ने फूंका आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भाजपा व कांग्रेस ने प्रदर्शन कर आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस मौके पर दोनों पार्टियों के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

गुरुवार को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया। पुतला दहन के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमलकिशोर रावत ने कहा कि हमले के दोषी आतंकियों को करारा जवाब दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, मंडल अध्यक्ष पौड़ी नगर शैलेंद्र नौटियाल, मंडल अध्यक्ष अगरोड़ा संतोष चंदोला, मंडल अध्यक्ष पौड़ी ग्रामीण संतोषी रावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष पौड़ी नगर क्रांति किशोर नेगी, नीलम ध्यानी जुयाल आदि शामिल रहे। वहीं, कांग्रेस ने भी हमले के विरोध में डीएम कार्यालय के बाहर पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध किया। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि इस हमले से पूरा देश आक्रोशित है। कहा कि पुलवामा हमले के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा हमला है। आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों का फेल्यर है कि आज इतना बड़ा हमला हुआ है।

# जमा धनराशि वापस नहीं मिलने पर आक्रोश

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-आपरेटिब सोसाइटी (एलयूसीसी) में जमा धनराशि वापस नहीं मिलने पर निवेशकों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि निवेशकों की धनराशि वापस मिले इसके लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

गुरुवार को उत्तराखंड जन विकास मंच के बैनर तले निवेशक तहसील परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने धरना दिया। उत्तराखंड जन विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि एलयूसीसी वर्ष 2012 तक भारत सरकार कृषि मंत्रालय में पंजीकृत थी, जो कि वर्तमान में सहकारिता मंत्रालय में पंजीकृत है। सोसाइटी को छह जनवरी 2017 तक उत्तराखंड में संचालित करने की अनुमति भी प्राप्त थी। सोसाइटी ने उत्तराखंड में अपना विस्तार करना शुरू कर दिया। कंपनी ने कमीशन एजेंट व सुविधा केंद्र भी खुलवाए गए। सोसाइटी के संचालकों ने निवेशकों को सोसाइटी में धन जमा करवाने का लाचच दिया। निवेशकों ने फर्म की विभिन्न योजनाओं में निवेश किया। सुविधा केंद्रो को बाकायदा एटीएम की सुविधा भी प्रदान की गई। कोरोना काल में सोसाइटी की तरफ से निःशुल्क एंबुलेंस भी चलवाई गई थी। बताया कि सोसाइटी के लिए पूरे राज्य में ढाई हजार महिलाएं व पुरूष कार्य कर रहे थे। कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में दो लाख निवेशक है। लेकिन, 29 अक्टूबर 2024 को बिना पूर्व सूचना के ही सोसाइटी का पोर्टल बंद हो गया। नवंबर में सोसाइटी का मोबाईल व बेबसाइट भी बंद हो गई। उन्होंने सोसाइटी में निवेश किए गए धन को वापस करवाने की मांग की है। सोसाइटी के मुख्य संचालनकर्ता व बोर्ड आफ डायरेक्टर के खिलाफ अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर कुलवंत सिंह, सुरेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वींरेंद्र सिंह, शोभा देवी, रेखा देवी, अनुज डबराल, कल्पना देवी, रजनी देवी सहित बड़ी संख्या में निवेशक मौजूद रहे।


कोटद्वार तहसील परिसर में प्रशासन को ज्ञापन देते एलयूसीसी निवेशक

# पुलिस ने छात्राओं को बताए उनके अधिकार


कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में छात्राओं को विभिन्न जानकारियां देती पुलिस कर्मी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा दिलवाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने छात्राओं को किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस से संपर्क करने की अपील की। छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया।

गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी के दौरान पुलिस कर्मियों ने छात्राओं से वार्ता की। कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके लिए समय-समय पर जनता से भी सहयोग की अपील की जाती है। कहा कि वर्तमान में पुलिस विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को साइबर अपराध सहित अन्य मुद्दों को लेकर जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कहा कि कानून व्यवस्था में छात्राओं के लिए विशेष अधिकार हैं। यदि कोई भी छात्राओं को परेशान करता है तो उसकी शिकायत पुलिस को दें। इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति को फोन पर अपने बैंक से संबंधित जानकारी न दें। साथ ही सावधानी पूर्वक इंटरनेट का उपयोग करें। किसी भी तरह की ठगी होने पर पुलिस से संपर्क करें।

### आठ विद्यार्थियों का हुआ कंपनी में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में आयोजित रोजगार मेले में आठ विद्यार्थियों का साक्षात्कार के बाद कैंपस ड्राइव कंपनी में चयन हुआ है। इस दौरान विद्यार्थियों को बेहतर करियर के प्रति जागरूक किया गया। हिमाचल की ड्राइव कंपनी की ओर से साक्षात्कार किया गया। कंपनी से आए पवन कुमार सुयाल, मस्तराम, चंद्रशेखर सिंह व भवानी दत्त ने कंपनी में सेवा संबंधी जानकारियां दी। प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार उपलब्ध होता है। साथ ही उन्हें कई नई जानकारियों मिलती हैं। कैंपस ड्राइव के लिए 26 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा व साक्षात्कार दिया। जिसमें से मयंक बलोदी, अवंतिका, राजीव, कृष्णा, दीपक, तनीषा आदि का चयन हुआ। इस मौके पर कैरियर काउंसिलिंग सेल के नोडल अधिकारी डा. महेशचंद आर्य, डा. विपिन कुमार, डा. अनूप सिंह, डा. भारती, डा. सुनील दत्त, डा. सुनील चौहान, डा. शूरवीर सिंह, डा. बबलू कुमार आदि मौजूद रहे।

# किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा पाबौ ब्लाक के ब्लॉक कार्यालय परिसर में ग्राहक संपर्क कार्यक्रम (आउटरीच प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करना व वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े सफल कृषक विपिन पंत ने अपनी सफलता की प्रेरणादायक कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने बैंक से ऋण प्राप्त कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया और अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की।

कार्यक्रम में बैंक अफसरों द्वारा बैंक की प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल बैंकिंग सेवाओं मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम सुविधा, नेट बैंकिंग, बैंक मित्र और ग्राहक सेवा केंद्र की कार्यप्रणाली और उनके लाभों पर भी चर्चा की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक पीके गोयल ने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने, डिजिटल सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहा है।

भविष्य में भी बैंक इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धूम सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डा. केके मिश्रा, उत्तराखंड ग्रामीण, शाखा प्रबंधक ओमकार दत्ता आदि शामिल रहे।

# दृष्टि बाधितों के लिए विकसित किए स्मार्ट ग्लासेस


स्मार्ट ग्लासेस पहना विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेस (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने दृष्टि बाधित दिव्यांग जनों के लिए स्मार्ट ग्लासेस का आविष्कार किया है।

कालेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) के छात्र प्रांजल और मोहम्मद मुनाजरि हुसैन ने मिलकर एक अभिनव तकनीकी प्रोटोटाइप (स्मार्ट ग्लासेस) तैयार किया है। जिसे ह्लस्मार्ट ग्लासेसह्व नाम दिया गया है। यह प्रोटोटाइप खासतौर पर दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे वे अपने आसपास के वातावरण में बेहतर तरीके से नेविगेट कर सकें और अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। बताया कि स्मार्ट ग्लासेस को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह पहनने में आरामदायक हो और लुक में सामान्य चश्मे जैसा लगे। फ्रेम में लगे अल्ट्रासोनिक सेंसर उपयोगकर्ता को सामने मौजूद अवरोधों की सटीक जानकारी देता है, जिससे उनकी सुरक्षा और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ती है। अरुडिनो यूनो एक ओपन-सोर्स प्लेट-फॉर्म होने के कारण इसमें भविष्य में कई और उपयोगी फीचर्स जोड़े जा सकते हैं। जैसे कि कैमरा, टेक्स्ट रीडर या जायरॉस्कोप जिससे यह डिवाइस सीढ़ियों की पहचान, लिखावट पढ़ने या दिशा निर्धारण जैसे कार्यों में भी मददगार बन सकता है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद मुनाजरि हुसैन और प्रांजल द्वारा किया गया यह नवाचार न केवल तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह सामाजिक संवेदनशीलता का भी परिचायक है। यह प्रोजेक्ट दृष्टिबाधित लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है और समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने का उदाहरण भी।

### इस तरह कार्य करता है प्रोटोटाइप (स्मार्ट ग्लासेस)

इन स्मार्ट ग्लासेस में अरुडिनो यूनो माइक्रोकंट्रोलर बोर्ड, अल्ट्रासोनिक सेंसर और बजर का उपयोग किया गया है। अल्ट्रासोनिक सेंसर सामने की ओर तरंगें छोड़ता है, जो किसी भी वस्तु से टकराकर वापस लौटती हैं। अरुडिनो यूनो इन संकेतों के माध्यम से यह अनुमान लगाता है कि कोई अवरोध कितनी दूरी पर है। जब कोई वस्तु एक निश्चित दूरी के भीतर आती है, तो बजर के जरिए श्रवण संकेत दिया जाता है, जिससे पहनने वाला व्यक्ति सतर्क हो जाता है और टकराने से बच सकता है।

# सूर्यप्रकाश पुरोहित बने उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन के अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन की पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सूर्यप्रकाश पुराहित को अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सत्र की अध्यक्षता करते हुए विजय बिष्ट ने उमेद सिंह भंडारी व एपी अमोली ने संगठन का मांग पत्र पढ़ा। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज विद्युतकर्मी विषम परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। कर्मियों की सभी मांगें जायज हैं। सरकार को विद्युत कर्मियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस दौरान दीपक बेनवाल को संरक्षक, सूर्यप्रकाश पुरोहित को अध्यक्ष, सोहन लाल शर्मा को महामंत्री, सीपी मठपाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर रेनू त्यागी, नईमा खातून, जयदीप नेगी, अशीष रावत, सौरभ तिवाड़ी, प्रदीप बडोला, राकेश रावत आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते सदस्य

# समुदाय के व्यक्तियों को भूमि बेचने पर आक्रोश

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : काशीरामपुर तल्ला में एक व्यक्ति द्वारा एक समुदाय के लोगों को भूमि बेचे जाने का वार्डवासियों ने विरोध किया है। कहा कि व्यक्ति आसपास के परिवारों को डराने धमकाने का भी कार्य कर रहा है। ऐसे में पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। गुरुवार को काशीरामपुर तल्ला के लोग कोतवाली में पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस से शिकायत की। कहा कि एक समुदाय का एक व्यक्ति बाहरी प्रदेश के लोगों को भूमि बेचने का कार्य कर रहा है। जबकि, आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में हिंदू परिवार रहते हैं। यही नहीं, भूमि के समीप ही मंदिर भी बना हुआ है। आए दिन संदिग्ध व्यक्ति भूमि देखने के लिए पहुंच रहे हैं। कहा कि आसपास के परिवारों ने जब व्यक्ति के इस कार्य का विरोध किया तो वह उल्टा उन्हें ही धमकी देने लगा। क्षेत्र में इस तरह की गतिविधि होने से परिवारों में खौफ बना हुआ है। आसपास के परिवारों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। कहा कि पुलिस व प्रशासन को पूरे मामले की जांच कर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौडियाल, संगीता नेगी, अनीता शर्मा, शांता देवी, सुधा देवी, अमरजीत कौर, सरोजनी देवी, कलावती देवी, सीमा आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश पुत्री का नाम श्रेया अंकित हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम आराध्या (AARDHYA) है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का सही व वास्तविक नाम आराध्या (AARDHYA) अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**विनोद चन्द पुत्र श्री चन्द्रा दत्त निवासी झण्डीचौड पश्चिमी, पोस्ट झण्डीचौड उत्तरी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0941/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोहित कुमार पुत्र अनूप कुमार तथा मेरी बहु श्रीमती शिखा पत्नी मोहित कुमार पुत्री राजेश निवासी इन्द्रा नगर, आमपड़ाव, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल हाल मायका मुरादाबाद वाली मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं रहते है तथा आये दिन तंग व परेशान करते रहते है व गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। मैं अपने पुत्र मोहित कुमार तथा उसकी पत्नी श्रीमती शिखा को उनके गलत कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व घर से बेदखल करती हूं। मोहित कुमार तथा उसकी पत्नी शिखा के द्वारा किये गये गलत कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें, उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी व जवाबदेही नहीं होगी।

**शारदा देवी पत्नी अनूप कुमार निवासी इन्द्रा नगर, आमपड़ाव, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0942/21)

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर महोदय, लैन्सडौन, पौड़ी गढ़वाल**
**बंटवारा वाद संख्या 06 / 2022-23**

दिनेश चन्द्र पुत्र स्व. सन्तोष (मृतक)

1/1 प्रतिस्थापित शुभम धूलिया, 1/2 नितिन धूलिया पुत्रगण स्व0 दिनेश चन्द्र निवासी ग्राम- जोगी बिलंगी, पटटी- सीला-1, तहसील- लैन्सडौन, जिला- पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

**बनाम**

1- विनोद कुमार पुत्र स्व0 सन्तोष, 2- रमेश चन्द्र पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद, 3- प्रेम सिंह पुत्र स्व0 मोती सिंह, 4- राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 आनन्द सिंह, 5-वीरेन्द्र सिंह पुत्र आनन्द, 6- जोगी सिंह पुत्र स्व0 नैन, 7- विजयपाल सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह, 8- कैलाश सिंह पुत्र स्व0 पूर्ण सिंह, 9- मुकेश सिंह पुत्र स्व0 पूर्ण, 10 - धीरज सिंह पुत्र स्व0 चन्दन सिंह, 11- जगमोहन सिंह पुत्र स्व0 चन्दन सिंह, 12- बृजमोहन सिंह पुत्र स्व0 चन्दन सिंह, 13/1- सीता देवी पत्नी जयपाल सिंह, 13/2- कुलदीप सिंह पुत्र स्व0 जयपाल सिंह, 14- गोपाल सिंह पुत्र स्व0 गंगा सिंह, 15- मान सिंह पुत्र स्व0 नैन सिंह 16- कैलाश सिंह पुत्र स्व0 पूर्ण सिंह, 17- मुकेश सिंह पुत्र स्व0 पूर्ण सिंह, 18- मनवर सिंह पुत्र श्री दुर्गा सिंह, 19- अमित कुमार पुत्र दीनदयाल, 20- सोहन सिंह पुत्र ताजबर सिंह, 21- मोहन सिंह पुत्र ताजबर सिंह, 22- कमला देवी पत्नी स्व0 ताजबर सिंह, 23- नरेन्द्र सिंह पुत्र आनन्द सिंह, 24- राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 आनन्द सिंह, 25- दलीप सिंह पुत्र बचन सिंह, 26- महिपाल सिंह पुत्र स्व0 बचन सिंह, 27- गजपाल सिंह पुत्र स्व0 बचन सिंह, 28- महावीर सिंह पुत्र स्व0 बचन सिंह, 29- पवन कुमार पुत्र बांकेलाल, 30- कमला देवी पत्नी स्व0 मान सिंह, 31- अजीत पुत्र स्व0 मान सिंह, 32- अमित पुत्र स्व0 मान सिंह, 33- बसन्ती देवी पत्नी स्व0 बचन सिंह, 34- रोशन सिंह पुत्र स्व0 बचन सिंह, 35- राजेन्द्र प्रसाद पुत्र चण्डी प्रसाद, 36- खुशाल सिंह पुत्र स्व0 मनवर सिंह, 37- पीताम्बर सिंह पुत्र स्व0 मनवर सिंह, 38- महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 मनवर सिंह, 39- कमला देवी पत्नी स्व0 सन्तोष कुमार, 40- विनोद कुमार पुत्र स्व0 सन्तोष कुमार, 41- दिनेश चन्द्र पुत्र स्व0 सन्तोष कुमार, 42- कमला देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह, 43- दर्शन सिंह पुत्र स्व0 प्रेम सिंह, 44- वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 प्रेम सिंह, 45- विरेन्द्र कुमार पुत्र सुरेन्द्र झा, 46- रामअवतार खंडेलवाल पुत्र बिहारी लाल समस्त निवासीगण ग्राम- जोगी बिलंगी, पटटी- सीला-1, तहसील- लैन्सडौन, जिला- पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

47- प्रधान ग्राम सभा जोगी बिलंगी, पटटी सीला-1

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 176 उ0प्र0 ज0वि0 अधिनियम

हरगाह वादीगण ने आपके विरूद्ध एक दावा बावत ग्राम जोगी बिलंगी, पटटी- सीला-1 खाता सं0 03 के बंटवारे बावत धारा 176 उ0प्र0 ज0वि0 अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 30/04/2025 को प्रातः 10 बजे न्यायालय असि0 कलेक्टर प्रथम श्रेणी लैन्सडौन गढ़वाल में प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत वकील हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें, जुमला दस्तावेश पेश करें। आपके हारिज न आने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही न्यायालय द्वारा अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 11 माह 04 सन् 2025 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

**न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर (प्रथम श्रेणी) लैन्सडौन, पौड़ी गढ़वाल**
(0940/15)

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू व चिकनगुनिया के नियंत्रण को लेकर तैयारियां शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विगत वर्षों से डेंगू रोग राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। प्रशासनिक स्तर पर डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं इसके नियंत्रण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने संबंधी विषय को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि उत्तराखंड शासन द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम तथा इसके नियंत्रण को लेकर तैयारियों हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। बताया कि जनपद स्तरीय संबंधित विभागीय अधिकारियों को डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी गाइडलाइन व दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस संबंध में विभागीय स्तर पर की जा रही गतिविधियों की आख्या उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### होटलों और दुकानों में सीसीटीवी लगाएं : भट्ट

चमोली : आगामी चारधाम यात्रा के सकुशल और सुचारू संचालन की तैयारियों को लेकर बुधवार को कर्णप्रयाग में प्रभारी निरीक्षक राकेश भट्ट ने कर्णप्रयाग के व्यापारियों और होटल व्यवसायियों के बैठक की। उन्होंने होटल व्यवसायियों और व्यापारियों दुकानों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए। कहा कि होटल और रेस्टोरेंट व्यवसायी सुरक्षा की दृष्टि से अपने रिसेप्शन और किचन क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। होटलों में ठहरने वाले यात्रियों के वाहनों को उचित स्थान पर ही पार्क करवाया जाए ताकि मुख्य सड़क पर यातायात बाधित न हो। सभी प्रतिष्ठानों/होटलों में कमरों के किराए और खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट प्रमुखता से प्रदर्शित करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे। दुकानों का सामान फुटपाथ या सड़क पर रखकर अतिक्रमण न करें। जिससे पैदल चलने वालों के लिए मार्ग सुगम रहे और यातायात सुचारू रूप से चल सके। चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। (एजेंसी)

### वार्षिक पत्रिका का हुआ विमोचन

चमोली : पालिकाध्यक्ष गणेश शाह ने गोयश ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। ट्रस्ट की संस्थापिका डॉ. गीता मैंदुली ने ट्रस्ट के कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट साहित्य, कला, प्राथमिक स्वास्थ्य, प्राथमिक शिक्षा, पर्यावरण, कृषि तथा महिला सशक्तिकरण जैसे मुख्य बिंदुओं

# नई पीढ़ी में खेलकूद के प्रति बढ़ रही निरसता



### 50वां स्वर्ण क्रीड़ा समारोह का हुआ शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्तमुनि में 50वां स्वर्ण क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ। केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि एवं रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान नॉर्थ जॉन में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी आयुष, प्रियांशु, निहारिका एवम स्मिता को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कैलाश चंद्र दुदपुड़ी ने सभी अथितियों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि डिजिटल दुनिया के अत्यधिक प्रयोग के कारण नई पीढ़ी में खेलकूद के प्रति निरसता बढ़ रही है, इसलिए छात्र अपने शारीरिक, मानसिक विकास के लिए खेलकूद के प्रति रुझान बढ़ाएं और निरंतर प्रतिभाग कर अच्छा प्रदर्शन करें। केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक होना चाहिए, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की आपार संभावनाएं हैं।

जब एक कुशल खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करता है, तो पूरा राष्ट्र गौरवान्वित होता है। उन्होंने कहा कि हम महाविद्यालय को मॉडल कॉलेज बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं, जल्द ही महाविद्यालय में एनसीसी इकाई स्थापित होगी और खेल मैदान का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेल महज एक खेल नहीं है अपितु उसमें सम्पूर्ण जीवन दर्शन होता है। प्रत्येक छात्र के पास अपना निश्चित लक्ष्य होना चाहिए। उसे प्राप्त करने के लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहे, विशेषकर खेलकूद में वह अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करे। इस अवसर निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, अक्षय भारद्वाज उप महाप्रबंधक रिन्यू, भूपेंद्र भंडारी, अनसूया प्रसाद मलासी, निवर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष नितिन नेगी, क्रीड़ा परिषद के संयोजक डॉ. जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### 100 मीटर दौड़ में नेहा, सचिन ने मारी बाजी

खेलकूद के प्रथम दिवस में विभिन्न बहिरकक्षीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मार्च पास्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिक्षा संकाय, द्वितीय स्थान विज्ञान संकाय तृतीय स्थान कला संकाय एवं चतुर्थ स्थान वाणिज्य संकाय ने प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में नेहा प्रथम, वंदना द्वितीय एवम अंजली तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में सचिन बिष्ट प्रथम, रोहित सिंह द्वितीय, हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में नेहा प्रथम, प्रियांशी द्वितीय, दिव्या तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अतुल कुमार प्रथम, रोहित बैरवान द्वितीय, आशीष खुमरियाल तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में स्मिता प्रथम, नंदा द्वितीय, पूजा बुटोला तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अतुल प्रथम, आयुष द्वितीय, प्रियांशु सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में स्मिता प्रथम, कंचन द्वितीय, प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहे । बालक वर्ग में अमन कुमार प्रथम, आयुष टम्टा द्वितीय, रोहित लाल तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक में बालिका वर्ग में सलोनी प्रथम, मोनिका द्वितीय, साइना तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अंकुश प्रथम, कन्हैया द्वितीय, नितिन राज तृतीय स्थान पर रहे।

# मॉडल ग्राम पंचायत बनकर उभरी ग्राम पंचायत कोठार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : यमकेश्वर ब्लाक की ग्राम पंचायत कोठार अपने सतत प्रयासों और सामूहिक सहयोग के चलते एक मॉडल ग्राम पंचायत बनकर उभरी है। पौड़ी गढ़वाल जिले के छोटे से गांव कोठार ने सरकारी योजनाओं का बेहतरी से इस्तेमाल और अपने संसाधनों से बड़े काम कर मिशाल पेश की है। उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए वर्ष 2022 में कोठार को दीन दयाल पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार मिल चुका है। ग्रामीणों की यह पहल आज क्षेत्र के लिए अनुकरणीय बन गई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत कोठार के तहत चार राजस्व ग्राम भौन, खरगोशा, इड़िया और कोठार आते हैं। इसमें कोठार गांव में लगभग 50 परिवार रहते हैं। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की दूरदर्शी सोच से यह गांव जिले में मिसाल कायम कर रहा है। गांव की सबसे बड़ी उपलब्धि हर घर नल, हर घर जल योजना को युवक मंगल दल ने अपने संसाधनों से साकार किया है। गांव के हर घर तक पाइप लाइन से जल पहुंचाया गया है। इसके लिए ग्रामीणों से पांच हजार रूपये की सहयोग राशि लेकर जलस्त्रोत का संवर्धन किया गया व टैंक तैयार किए गए। गांव के नीचे स्थित पेयजल स्त्रोत से पानी अपलिफ्ट करने के लिए पंचायत निधि से पंपिंग मोटर खरीदी गई। यह मोटर पूर्ण रूप से ऑटोमेटिक है। मोटर में चिप लगाई है, जो मोबाइल फोन से जुड़ी रहती है।

# संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में गुरूवार को धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया। उत्तराखण्ड का प्रतिष्ठित गुरूकुल जहां प्रदेश के विभिन्न जनपदों व दिल्ली, पंजाब आदि प्रांत से भी प्रत्येक वर्ष छात्र प्रवेश लेते हैं। यहां आवासीय विद्यालय होने के कारण छात्र गुरूजनों के सानिध्य में दिन-रात परिश्रम करते हैं, जिस कारण बोर्ड परीक्षा हो या अन्य क्षेत्र में सदैव शानदार प्रदर्शन करते हैं।

प्रबन्धक राजेन्द्र जुयाल व प्रधानाचार्य अनसूया प्रसाद ने सभी को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ अध्यापक नवीन जुयाल कहा कि जो सम्मान आपको आज मिल रहा इसी उत्साह के साथ आप यहां बहुत मेहनत करेगें, निष्ठा के साथ जिसका परिणाम हमें आगे देखने को मिलेगें। आचार्य नवीन ममगांई ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में तीस छात्रों ने प्रवेश लिया। विद्यालय में सभी छात्रों के द्वारा वाद्ययंत्रों व वैदिक मंत्रोंचारण के साथ नवीन प्रवेशार्थियों की स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनूप कुकरेती, ईशान डोभाल, कमलदीप पोखरियाल, नीरज पटवाल, आशीष डबराल, अंकित मैठाणी आदि उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले पर कांग्रेस ने जताया आक्रोश

चमोली : कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों की घृणित और हिंसक कार्रवाई में पर्यटकों के मारे जाने और घायल होने पर कांग्रेस ने तीव्र आक्रोश जताया है। कांग्रेस ने घटना को बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली घटना बताया। कहा कि देश और मानवता के दुश्मनों की हिंसक कार्रवाई निंदनीय है। गुरुवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर कांग्रेस कार्यालय पर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक हत्या किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घटना के खिलाफ आक्रोश जताया। घटना में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर शांति पाठ किया गया। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवांण, पीसीसी सदस्य प्रमोद बिष्ट, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, जिला उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र सिंह गरोडिया, दर्शन लाल, प्रताप लाल, विक्रम शाह, सेवादल जिला उपाध्यक्ष कैलाश झिंक्वाण और रमेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### ओयसिस, विनहिल और हैरिटेज स्कूल ने जीते क्रिकेट मैच

देहरादून । द हैरिटेज स्कूल नॉर्थ कैम्पस सहस्त्रधारा रोड में गुरुवार को इंटर स्कूल अंडर–16 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में द ओयसिस स्कूल, द हैरिटेज स्कूल न्यू रोड, विनहिल ग्लोबल स्कूल ने अपने–अपने मुकाबले जीत अगले दौर में प्रवेश किया। पहला मैच न्यू दून ब्लॉसम स्कूल और द ओयसिस स्कूल के बीच खेला गया। निर्धारित आठ ओवर में न्य दून ब्लॉसम स्कूल ने 69 रन बनाकर बनाए। द ओयसिस स्कूल ने 7।2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर मैच अपने नाम किया। द हैरिटेज स्कूल न्यू रोड और दून पब्लिक स्कूल के बीच खेले गए मैच में हैरिटेज स्कूल को वॉक ओवर दिया गया। दून पब्लिक स्कूल की टीम मैदान पर नहीं पहुंची। ग्रीन लॉन एकेडमी और विनहिल ग्लोब्ल स्कूल के बीच हुए मुकाबले में विनहिल ने आठ विकेट से मुकाबला जीता।

# धामी सरकार की सख्ती, डेंगू पर सभी विभाग होंगे एकजुट

### डेंगू नियंत्रण में सभी विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण, डेंगू रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य सचिव डॉ. कुमार ने जारी की एडवाइजरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : राज्य में डेंगू की रोकथाम को लेकर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग पूरी तरह सक्रिय है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों के क्रम में सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. राजेश कुमार ने डेंगू से बचाव हेतु सभी संबंधित विभागों को एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि डेंगू का मच्छर साफ जमा हुए पानी में पनपता है। यदि समय रहते ऐसे स्थलों की पहचान कर ली जाए जहां पानी एकत्र हो सकता है और उसे हटाया जाए, तो डेंगू को फैलने से रोका जा सकता है।

इसी दृष्टिकोण से उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एडवाइजरी प्रेषित की है, जिसमें यह कहा गया है कि डेंगू नियंत्रण में सभी विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एडवाइजरी में अंतरविभागीय समन्वय के साथ समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया गया है। एडवाइजरी प्राप्त करने वाले विभागों में शहरी विकास, नगर निगम/नगर पालिकाएं, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, सूचना, आपदा प्रबंधन, सिंचाई, कृषि, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, मौसम विभाग, पर्यटन, वन एवं जलापूर्ति विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि हमारी प्राथमिकता डेंगू के मामलों को घटाना और नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। डेंगू मच्छर, विशेषकर एडिस एजिप्टी, घरों के आस-पास पानी जमा होने वाली जगहों पर प्रजनन करते हैं, इसलिए इन स्थानों का सफाई और निगरानी करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि यह समय सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का है, ताकि राज्य को डेंगू मुक्त बनाया जा सके। सभी विभागों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने स्तर से सतर्कता एवं जागरूकता फैलाएं और संभावित मच्छर जनित स्थलों की नियमित निगरानी करें। स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जल निगम, और अन्य विभागों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्थानों की सफाई सुनिश्चित करें और नागरिकों को इस बाबत जागरूक करें।

# देहरादून में कश्मीरी मूल के छात्र–छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

देहरादून। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घटित आतंकवादी घटना के दृष्टिगत जनपद देहरादून में निवासरत/ अध्यनरत कश्मीरी मूल के छात्र–छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र में अध्यनरत/ निवासरत कश्मीरी छात्र–छात्राओं के संपर्क में रहते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में जनपद देहरादून विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में कश्मीरी मूल के 1201 छात्र/छात्राएं अध्यनरत है, जिनका पुलिस द्वारा विवरण प्राप्त कर सत्यापन की कार्रवाई की जा चुकी है।

कश्मीरी छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा गुरूवार को बिधोली चौकी में ऐसे सभी शैक्षणिक संस्थानों तथा पी०जी० प्रबंधकों, जिनके यहाँ कश्मीरी छात्र/ छात्राएं अध्यनरत/ निवासरत है, के साथ गोष्टी आयोजित की गई। गोष्टी के दौरान सभी संस्थानों व पी०जी० संचालकों से उनके यहाँ अध्ययन रत/निवासरत छात्र–छात्राओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी संचालकों को अपने संस्थानों/ पी०जी० में सुरक्षा संबंधी कोई भी बात होने पर तत्काल उससे पुलिस को अवगत कराने तथा छात्र–छात्राओं को अपने विश्वास में लेते हुए उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने के निर्देश दिए गए है। इसके अतिरिक्त ऐसे स्थान जहाँ पर कश्मीरी छात्र–छात्राए अध्ययन रत/ निवासरत है, उक्त स्थानों पर अतिरिक्त पीएसी का डिप्लॉयमेंट किया गया है, जो नियमित रूप से उक्त स्थानों पर भ्रमणशील रहते हुए कश्मीरी छात्र छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है।

उक्त घटना के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्तियों पर भी जनपद के सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा अब तक पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसी 25 पोस्टों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटवाया गया है।

### पहलगाम में हुई आंतकी घटना के दृष्टिगत दून पुलिस ने चलाया अभियान


देहरादून । पहलगाम में हुई दुखद घटना में शामिल आतंकवादियों द्वारा आर्मी की वर्दी पहनकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था, जिसके दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र में ऐसी सभी दुकानों, जहां आर्मी/अर्द्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित वर्दी व अन्य सामान की बिक्री की जाती हो, को चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार करने तथा ऐसे सभी दुकान मालिकों को बिना आई0डी0 लिये किसी भी व्यक्ति को आर्मी/अर्द्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित वर्दी व अन्य सामान की बिक्री न करने की हिदायत देने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देशों के क्रम में पुलिस द्वारा अलग–अलग थाना क्षेत्रों में ऐसे सभी दुकानों को चिन्हित करते हुए उनके संचालकों को बिना आई0डी0 लिये किसी भी व्यक्ति को आर्मी/अर्द्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित सामान की बिक्री न करने तथा उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किये जाने की हिदायत दी जा रही है।

# पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की आत्मा




बागेश्वर। पंचायती राज दिवस के अवसर पर ज़िला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतों को भारतीय लोकतंत्र की 'आत्मा' बताते हुए उन्हें और अधिक सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वामित्व योजना, डिजिटल इंडिया, ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) और विभिन्न तकनीकी नवाचारों के महत्व को रेखांकित किया। दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने पूर्व की व्यवस्थाओं और वर्तमान पारदर्शिता की तुलना करते हुए कहा कि पहले सरकारी धन का बहुत छोटा हिस्सा ही धरातल तक पहुंच पाता था, लेकिन अब तकनीक और पारदर्शी प्रक्रियाओं के चलते एक–एक रुपया विकास कार्यों में खर्च हो रहा है। उन्होंने ज़ोर दिया कि सरकार पंचायती व्यवस्थाओं को निरंतर मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासक जिला पंचायत बसंती देव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत कर उन्हें जमीनी स्तर पर निर्णायक भूमिका में लाना है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का माध्यम है। पंचायती राज दिवस दरअसल उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 73वें संविधान संशोधन के तहत गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना, जियो टैगिंग, परिसंपत्ति पंजिका और खतौनी निरीक्षण जैसी पहलों को ग्राम स्तर पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का आधार बताया।




# अल्मोड़ा में कांग्रेस ने किया पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन



अल्मोड़ा। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए पाक प्रायोजित आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन भी रखा गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'आतंक के आगे नहीं झुकेंगे' जैसे नारों के साथ जमकर विरोध जताया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि सैलानियों पर हमला कर पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी कायरता और आतंक पोषक चेहरे को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सामने भारत का कोई भी नागरिक झुकेगा नहीं और देश पूरी एकजुटता के साथ इन हमलों का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि देश की सेना आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएगी और ऐसे कायर हमलों का कर-रा जवाब दिया जाएगा। हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भोज ने कहा कि पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। पुतला दहन और श्रद्धांजलि सभा में विधायक मनोज तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जोशी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, युवा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, जिला उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, अमरजीत भाकुनी, आनंद सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री दिनेश पिलख्वाल, गीता मेहरा, परितोष जोशी, निर्मल रावत, वैभव पाण्डेय, आनंद सिंह बगड़वाल आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंदिरा मार्केट रि–डेवलपमेंट प्लान जल्द पूरा हो

देहरादून । इंदिरा मार्केट रि–डेवलपमेंट प्लान का काम पूरा नहीं होन पर नगर के लोगों ने रोष जताया।

उन्होंने एमडीडीए उपाध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर काम पूरा करने की मांग की है। सीपीएम के सचिव अनन्त आकाश और व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अशोक सचदेवा ने कहा कि इंदिरा मार्केट रि–डिवलपमेंट प्लान का काम ढाई साल पहले शुरू हो गया था। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया था। लेकिन देरी के कारण इस योजना की लागत बढ़ती जा रही है। शुभारंभ के मौके पर सीएम ने ऐलान किया था कि अगले डेढ़ साल में इस योजना का काम पूरा हो जाएगा और प्रभावित 143 दुकानदार नए कांपलेक्स में शिफ्ट हो जाएंगे, लेकिन अभी तक यह संभव नहीं हो पाया। योजना का काम बहुत धीमि रफ्तार से चल रहा है। उन्होंने जल्द ही योजना का काम पूरा करने की मांग की है।

# प्रदर्शनी से पहाड़ के जीवन और प्रकृति के बारे में समझा

देहरादून । अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से आयोजित ह्यमाउंटेन ऑफ लाइफ उत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साह और जिज्ञासाओं के साथ हुई। यहां लगी प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने पहाड़ के जीवन, जिंदगी के प्रकृति से जुड़ाव, प्रकृति को समझकर उसे सहेजने के बारे में समझा। गुरुनानक अकेडमी, जीआईसी पटेल नगर, जीआईसी ब्रह्मपुरी, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, सोशल बलूनी स्कूल से आए छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने प्रदर्शनी को देखा, अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के साथियों के साथ अपने सवाल और जिज्ञासाएं साझा कीं। प्रदर्शनी में बिखरे पहाड़ों के रंग, जीवन, संस्कृति आदि लोगों में इस बारे में और जानने की इच्छा को बढ़ा रहा था। प्रदर्शनी में जंगल, झील, पहाड़, लोग, पंछी तो थे ही लोक कलाओं का सौंदर्य भी शामिल था। अर्जुन अवार्ड से सम्मानित प्रो। हर्षवन्ती बिष्ट और वाडिया इंस्टीट्यूट के सीनियर साइंटिस्ट मनीष मेहता वक्ता रहे। प्रो। हर्षवन्ती ने अपने जीवन और पहाड़ से प्रेम उनके करीब जाने, वहां जाकर जो महसूस हुए, पहाड़ों में कैसे और क्या–क्या बदलाव हुए, ग्लेशियर किस तरह बदल रहे हैं आदि को लेकर चित्रों के माध्यम से तुलनात्मक ढंग अपने अनुभव साझा किए।

# आईएएस अंशुल भट्ट ने दिए छात्रों को सफलता के मंत्र

देहरादून । उत्तराखंड के बेटे ट्रेनी आईएएस अंशुल भट्ट गुरुवार को श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के मंत्र भी छात्र छात्राओं को दिए। अंशुल भट्ट 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर 22वीं रैंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्र–छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा किए और उन्हें सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने से संबंधित सफलता के मंत्र दिए। छात्र–छात्राएं युवा आईएएस को अपने बीच पाकर बेहद खुश हुए। अंशुल भट्ट ने छात्र–छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधन सफलता में बाधक नहीं होते हैं।

सीमित संसाधनों को बेहतर उपयोग कर श्रेष्ठ लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा की यह धारणा सही नहीं है कि केवल दिल्ली देहरादून या मैट्रो शहर ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए उपयुक्त स्थान हैं। उन्होंने कहा कि आईएएस की चाह रखने वालों को पाठ्यक्रम की सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण टापिकों के संक्षिप्त नोट बनाने चाहिए। तैयारी के दौरन विषय में शाटकर्ट तैयारी के बजाय विषयवस्तु को विस्तारपूर्वक पढ़ना चाहिए।

### समाचार पत्र विक्रेताओं ने पहलगाम हमले पर शोक जताया

देहरादून। दून न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन पल्टन बाजार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। गुरुवार तड़के पांच बजे यहां समाचार पत्र विक्रेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन के पदाधिकारी हरप्रीत सिंह ने कहा कि हम सब पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हैं और हमारी संवेदनाएं हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति हैं। यूनियन के पदाधिकारी राकेश कुमार भट्ट ने आतंकियों को जल्द से जल्द पकड़कर कर कठोर सजा दिए जाने की मांग की। शोक सभा में हरप्रीत सिंह, कैलाश सेमवाल, राकेश कुमार भट्ट, बिजेंद्र सेमवाल, राकेश शर्मा, आदित्य न्यूज एजेंसी के सतीश जैन, गुमान सिंह,

# निरंकारी अनुयायियों ने 304 यूनिट रक्त देकर मनाया मानव एकता दिवस

देहरादून । जब किसी के रक्त से बचती है किसी अपने की जान, तब पता चलता है क्या होता है रक्तदान। । , इसी भाव से गुरुवार को हरिद्वार बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 304 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर में दिल्ली से आए मिशन के कोर्डिनेटर (प्रचार एवं प्रसार विभाग) हेमराज शर्मा ने रक्त देकर शिविर की शुरुआत की। अपने उद्बबोधन में उन्होंने कहा कि मानव के विचारों में मानवता आये ये रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों बहना चाहिए। प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता ह्यमानव एकता दिवस, निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com